


## एक नजर में

### गांधी जी की प्रतिमा का पूजन एवं माल्यार्पण



**महिदपुर।** शासन द्वारा 17 सितंबर से 02 अक्तूबर तक सेवा पखवाड़ा अभियान चलाया गया। जिसका उद्देश्य जनभागीदारी, स्वच्छता, सेवा और जन कल्याणकारी कार्यक्रमों को व्यापक स्वरूप देना रहा। 02 अक्टूबर को नवीन बस स्टैंड स्थित गांधी जी की प्रतिमा का पूजन एवं माल्यार्पण के साथ अभियान का समापन हुआ। सेवा पखवाड़ा अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को पुष्पमाला एवं प्रशस्ती पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। जिसमें मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजा यादव, नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि ओमप्रकाश माली, स्वच्छता सभापति श्रीमति आशा राठौर, नेहा सकलेचा, जगदीश राठौर, पीयूष सकलेचा, दिनेश परमार, मनोहर दावरे, स्वच्छता प्रभारी उमेश दावरे, राजेश खरे एवं निकाय कर्मचारी उपस्थित रहे।

### निकली मां शिप्रा भवानी की 651 फिट चुनरी यात्रा



**महिदपुर।** चुनरी यात्रा का शुभारंभ विजय स्तंभ से चुनरी का पूजन अर्चन कर एवं विशाल हिंदू हुंकार एवं तस्करी विरुद्ध एक आम सभा का आयोजन कर शुरू हुआ। जिसमें सोनू कल्याणे एवं सुभाष ठाकुर एवं संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे एवं मां शिप्रा की चुनरी को महिलाओं द्वारा नाव घाट ले जाया गया तथा उज्जैन के शिप्रा आरती करने वाले पंडितों द्वारा भव्य आरती कर मां शिप्रा का अभिषेक कराया गया। कार्यक्रम की पूरी तैयारी सौरभ दावरे, अनुज सिंह ठाकुर, तिलक उपाध्याय, आशीष तिवारी, आशुतोष राणा, समस्त मित्र मंडल ने की। मंच का उद्बोधन श्रीमती नीता आशीष तिवारी ने किया एवं आभार अखंड हिंदू सेना प्रांत उपाध्यक्ष मनोज प्रजापत ने किया।

### 3 क्विंटल खिचड़ी का वितरण किया



**उन्हेल।** नवरंग क्लब उन्हेल के नवदुर्गा आराधना नवरात्रि पर्व के अतर्गत नवमी की रात्रि में 3 क्विंटल 51किलो फलाहारी खिचड़ी का वितरण किया गया। इस अवसर पर नारायण मंडावलिया, कपिल बाबूजी, श्रीकांत नरवाडीया, गोपाल ढोढरिया, मोहन वात्तलिया, दिनेश वात्तलिया, गोपाल नायमा, लालू शर्मा, गोविंद खमोरिया, ईश्वर नंदेड़ा, दिनेश पटेल, ललित नंदेडा, कैलाश नायमा, अनिल ढोढरिया, आंदीलाल सलित्रा, पीडी ढोढरिया, रितेश जैन, नरेंद्र कामली, पवन ढोढरिया, नवीन गेहलोद, दीपक मंडावलिया, नारायण नंदेड़ा, कमल अलोलिया, सुनील सगीत्रा, राधे भाई प्रजापत आदि सभी उपस्थित थे।

### राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को पुष्पांजलि दी



**घट्टिया।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जन्म जयंती पर ग्राम पंचायत जगोटी में गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में सरपंच राहुल मुकाती, पत्रकार अनंत शर्मा ने राष्ट्रपिता के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित किया। इस अवसर पर भूपेन्द्र आंजना, आशीष बैरागी, नरेंद्र पटेल, जीवन आंजना सहित पंचों व ग्रामीणों ने पुष्पांजलि अर्पित की। संचालन पंचायत सचिव पप्पू शर्मा व आभार रोजगार सहायक राकेश प्रजापति द्वारा व्यक्त किया गया

### दुर्गा प्रतिमाओं का हुआ विसर्जन




**घट्टिया।** समीपस्थ गाव जगोटी में आधा दर्जन स्थानों सहित क्षेत्र के गांवों में नवरात्रि पर्व पर स्थापित दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन घट्टिया मार्ग स्थित बरखेड़ी बाजार जलाशय पर श्रध्दा के साथ किया गया। चौक बाजार स्थित श्री सत्यवीर तेजाजी मंदिर परिसर में लगातार बीसवें साल गरबे के आयोजन संपन्न हुए। कन्या भोज व आरती के साथ हवन पूजन किया गया।

### माता चामुंडा मंदिर पर हुआ भव्य महाप्रसादी वितरण



**माकड़ोन।** नगर में मां चामुंडेश्वरी की असीम कृपा से दशहरा मैदान कड़ोडिया रोड स्थित मां चामुंडा मंदिर परिसर में विशाल महाप्रसादी वितरण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन प्रातः 11 बजे से दोपहर 4 बजे तक चला, जिसमें नगर और आसपास के क्षेत्रों से सैकड़ों की संख्या में भक्तजन, महिलाएं, पुरुष एवं बच्चे उपस्थित रहे और माता रानी की कृपा स्वरूप प्रसादी का लाभ प्राप्त किया। अध्यक्ष गोकुल मालवीय एवं उपाध्यक्ष करण सिंह गुर्जर ने आयोजकों की प्रशंसा करते हुए कहा कि मां चामुंडेश्वरी की कृपा से नगर में निरंतर अच्छे कार्य होते रहेंगे।

### धूमधाम से हुआ रावण दहन



**माकड़ोन।** नगर में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी दशहरा महोत्सव भव्य रूप से मनाया गया। आयोजक समिति ने विधि-विधान से पूजन कर भगवान श्रीराम की शोभायात्रा एवं विशाल जुलूस नगर के सभी वार्डों से निकाला गया। मंच पर जब भगवान श्रीराम और लंकेश रावण आमने-सामने आए तो पूरा मैदान जयकारों से गूंज उठा। कार्यक्रम में शासन-प्रशासन, पुलिस प्रशासन, पत्रकार बंधु, नगर के वरिष्ठजन व बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे। अनुशासन और सहयोग से यह उत्सव ऐतिहासिक बना।

# गांधी जयंती पर आउटसोर्स कर्मचारियों ने रखा सामूहिक उपवास

**उज्जैन। 2 अक्टूबर गांधी जयंती के दिन उज्जैन संभाग के समस्त विभाग के आउटसोर्स कर्मचारीयो ने सामूहिक रूप से उपवास रखकर एवं गांधीजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सभा आयोजित की एवं संकल्प पत्र को पूरा करवाने के लिए गांधी जी की प्रतिमा पर संकल्प पत्र भेंट कर सरकार से मांगे रखी।**

आउटसोर्स कर्मचारी संघ के संभागीय अध्यक्ष गुलशन मंसूरी ने जानकारी देते हुए बताया कि विधानसभा चुनाव के समय भाजपा जन संकल्प पत्र पेज नंबर 81 पर आउटसोर्स कर्मचारीयों को संविदा का लाभ देने एवं केंद्र के समान न्यूनतम वेतन का लाभ देने का वादा किया गया था, जिसे लेकर कर्मचारी लंबे समय से इंतजार कर रहे हैं, संकल्प पत्र में किया गया वादा मोदी जी की गारंटी भी है। मध्यप्रदेश शासन के द्वारा कर्मचारियों का वेतन 10 साल में रिवाइज किया गया जो की पूरा नहीं किया गया, केवल 4 साल के हिसाब से ही बढ़ाया गया है। जबकि केंद्र सरकार के द्वारा बढ़ाया गया वेतन कहीं अधिक है जो की समय समय पर महंगाई दर के हिसाब से परिवर्तन होकर बढ़ रहा है एवं जब नियमित कर्मचारियों का महंगाई भत्ता केंद्र के समान बढ़ता है तो आउटसोर्स कर्मचारियों का क्यों नहीं, जबकि शासन के विभागों में महत्वपूर्ण भूमिका आउटसोर्स कर्मचारी निभा रहे हैं।

कई विभागों में तो कर्मचारियों को न्यूनतम वेतन भी सही नहीं मिल रहा है। जिसे लेकर भी कर्मचारियों में भारी नाराजगी हैं। आउटसोर्स कर्मचारी संघ के समर्थन में भारतीय मजदूर संघ एवं राज्य कर्मचारी संघ लघु वेतन कर्मचारी संघ के पदाधिकारी भी मौजूद थे। इस अवसर पर प्रमुख रूप से मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ प्रदेश संगठन मंत्री मनोहर गिरी, संभाग अध्यक्ष मांगीलाल पाटीदार, कार्यकारी अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह ठाकुर, आउटसोर्स कर्मचारी संघ प्रदेश अध्यक्ष, विक्रम राजोरिया, संभाग अध्यक्ष गुलशन मंसूरी, उपाध्यक्ष वर्षा कछवाय, लघु वेतन कर्मचारी संघ जिला अध्यक्ष हेमराज घावरी, सचिव मुकेश रैकवार, रवि चौहान, पेंशनर्स एसोसिएशन से राजहंस गायकवाड़, बिजली विभाग से शारीरिक शेख, अलीम पठान, उज्जैन पॉलिटेक्निक से धर्मेंद्र डोडिया, भावना सिसोदिया, आयुष विभाग से देवेंद्र पाल, हिमांशी सेन, शिक्षा विभाग से मयूर उपाध्याय, वैभव सूर्यवंशी, वीरेंद्र भाटी, सूरज पोरवाल, रवि लिंबोला, अनस खान सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी संगठन के पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद थे। सभी ने अपने-अपने विचार रखें एवं मांगे नहीं माने जाने पर आगे की रणनीति के लिए तैयारी की।



# गिरफ्त में लाखों के आभूषण चोरी करने वाले बदमाश

**उज्जैन। मकान का ताला तोड़कर लाखों के आभूषण चोरी करने वाले चार बदमाशों को पुलिस ने 48 घंटे में गिरफ्तार कर लिया। बदमाशों में एक नाबालिग शामिल है। जिनकी निशानदेही से पौने चार लाख रुपए के आभूषण बरामद किए गए हैं।**

महिदपुर थाना प्रभारी नरेंद्र सिंह परिहार ने बताया कि 1 अक्टूबर को ग्राम बालोदा में रहने वाले ईश्वर पिता दिनेश राठौर के मकान का ताला तोड़कर बदमाशों ने लाखों के आभूषण चोरी कर लिए थे मामले की शिकायत दिखने पहुंचने के बाद अज्ञात बदमाशों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया और मुखबीर तंत्र को अलर्ट किया। 48 घंटे में चोरी करने वाले बदमाशों का सुराग मिल गया। एक टीम घेराबंदी के लिए ग्राम शेरपुर रवाना की गई, जहां से एक नाबालिग और उसके तीन साथी रवि पिता सजन सिंह सैन, उम्र 23 वर्ष, निवासी शेरपुर थाना महिदपुर, विनोद पिता शंकरलाल गोयल, उम्र 25 वर्ष, निवासी ग्राम शेरपुर, प्रेमसिंह पिता बापूसिंह आंजना, उम्र 32 वर्ष, निवासी ग्राम शेरपुर को गिरफ्तार कर थाने लाया गया। चारों ने पूछताछ में चोरी करना कबूल कर लिया। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर 3.75 लाख कीमत के आभूषण बरामद किए हैं। चारों बदमाशों का पूर्व में आपराधिक रिकॉर्ड होना सामने नहीं आया जिन्हें शुक्रवार को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया।

# दशहरा उत्सव समिति ने किया रावण दहन

**खाचरौद। नगर विजयदशमी महापर्व बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया। हिंदू धर्म में विजयादशमी का पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत के लिए मनाया जाता है। विजय के इस महापर्व को हिंदू धर्म में जहां नये वाहन और अन्य सामान आदि की खरीदारी के लिए बहुत शुभ माना जाता है। स्थानीय पुलिस थाने पर एसडीओपी आकांक्षा बिछोटे व थाना प्रभारी धनसिंह नलवाया की उपस्थित में शस्त्र पूजन किया गया।**

स्थानीय दशहरा मैदान पर वर्षों से होने वाला रावण दहन कार्यक्रम दशहरा उत्सव समिति द्वारा नगर के गणमान्य जन, व्यापारियों, जनप्रतिधि सहित अन्य के सहयोग से वर्षों से मनाया जाता है। जिसके तहत प्रमुख आयोजन में सांस्कृतिक कार्यक्रम में नरसिंह अवतार, हिरण्य कश्यप वध का कार्यक्रम हुआ। इस दौरान मंच पर नगर पालिका अध्यक्ष, जनपद अध्यक्ष पृथ्वीराज सिंह भुवासा सहित नगर के विभिन्न व्यामशाला के उस्ताद उपस्थित रहे। पार्षद भी मंच के आगे बिना कुर्सी के बैठे जबकि आयोजन व्यवस्था में नगरपालिका की प्रमुख भूमिका रहती है। उक्त आयोजन में समिति द्वारा लोकतंत्र के चौथे स्तंभ को आमंत्रित नहीं किया गया। रावण दहन मंच के पास श्वानों का आतंक भी देखने को मिला। वहीं पूरे परिसर में पीने के पानी की व्यवस्था नहीं रही। प्रभु श्री राम की सवारी आने के बाद रात 9.20 बजे रावण दहन हुआ। इस हजारों दौरान आमजन दो घंटे से अधिक समय तक खचाखच भरे मैदान में खड़े रहे। जिसमें बच्चे बड़े परेशान होते रहे। कार्यक्रम में समय अधिक होने से आयोजन को लेकर सोशल मीडिया पर चर्चा चलती रही। स्थानीय पुलिस व प्रशासन की सराहनीय भूमिका से हजारों लोगों की उपस्थित में भी आवागमन बाधित नहीं हुआ।



# रंगारंग आतिशबाजी के साथ हुआ रावण दहन

**महिदपुर। विजयदशमी पर्व पर महालक्ष्मी देवी जी मंदिर पर परंपरागत अनुसार रावण दहन कार्यक्रम जन सहयोग से आयोजित हुआ देवी मंदिर में राम लक्ष्मण हनुमान भगवान शिवकी झांकियां रथ पर सवार होकर नगर के प्रमुख मार्गो से चल समारोह निकाला गया**

चल समारोह मंदिर प्रांगण पहुंचने पर वहां पर मुख्य अतिथि संजय निर्वाणी, संजय जोशी, महेश दुबे, संजय व्यास, पीयूष राठी का शाल श्रीफल से स्वागत मंदिर पुजारी दीपक कुमार घंटे एवं संदीप चौहान द्वारा हुआ। अतिथि वरिष्ठ अभिभाषक अनिल त्रिवेदी का उनके निवास स्थान पर स्वागत समिति द्वारा किया गया। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में सभी को दशहरे एवं बुराई पर अच्छाई की जीत की शुभकामनाएं प्रेषित की। अतिथि द्वारा रावण के पुतले का निर्माण करने वाले अजय विजय मालवीय का स्वागत सम्मान किया गया। समिति अध्यक्ष श्रीकांत उदगीर ने अपने उद्बोधन में धर्मप्राण उपस्थित जनता का आभार व्यक्त किया। रंगारंग आतिशबाजी के साथ रावण के पुतले का दहन सायं 7 बजे हर्षोल्लास से किया गया। कार्यक्रम में एवं चल समारोह में नरेंद्र पालीवाल, चेतन प्रकाश उपाध्याय, राम सिंह चोरवासा, बद्रीलाल कालेरिया, प्रदीप कसेरा, अशोक सोलंकी, दीपक कुमरावत, अनिल शर्मा, दिलीप प्रजापत, रामचंद्र नरवरिया, मनोज शर्मा, कमलेश चावड़ा, त्रिलोक सोलंकी आदि उपस्थित रहे। कलाकार में राम, लक्ष्मण, मोहित एवं हर्ष जादौन हनुमान, जतिन दुबे, शिव प्रथम उदगीर, रावण खेमराज कहार का सम्मान समिति द्वारा किया गया। संचालन अवनीश पंडिया द्वारा किया गया। आभार दीपक कुमरावत द्वारा किया गया।



# सोयाबीन भावांतर योजना हेतु बैठक संपन्न

**घट्टिया। मध्य प्रदेश शासन की महत्वाकांक्षी योजना सोयाबीन भावांतर योजना 2025 के संबंध में गुरुवार को अनुविभागीय अधिकारी राजाराम करजरे की अध्यक्षता में जनपद सभागृह में बैठक आयोजित की गई। बैठक में भावांतर योजना से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई।**

भावांतर योजना में किसानों का पंजीयन 17 अक्टूबर तक सेवा सहकारी संस्था के माध्यम से नजदीकी सीएससी सेंटर एमपी ऑनलाइन के माध्यम से होना है। बैठक में योजना के प्रचार प्रसार पर चर्चा की गई। जिसमें समाचार पत्रों के माध्यम से, चौपाल लगाकर, पंचायत स्तर से, सोशल मीडिया व अन्य माध्यमों से किसानो को योजना के बारे में बताने व क्षेत्र के शत प्रतिशत किसानों को योजना का लाभ दिलाने हेतु पंजीयन कराने पर चर्चा हुई। जानकारी देते हुए सेवा सहकारी संस्था (समिति) घट्टिया के प्रबंधक संतोष सिंह पंवार ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार किसानों को मंडियों में सोयाबीन बेचना अनिवार्य है, मंडियों में सोयाबीन खरीदी 24 अक्टूबर 2025 से 15 जनवरी 2026 तक चलेगी, तथा न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम क़ीमत मिलने पर नुकसान की भरपाई सरकार द्वारा की जाएगी इस हेतु ये योजना शुरू की गई है। बैठक में जनपद पंचायत सीईओ गुमानसिंह मुजाल्दा, भाजपा मंडल अध्यक्ष लोकेंद्रसिंह जलवा, पानबिहार मंडल अध्यक्ष विक्रमसिंह गुनावा, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी रजनी गुजराती, जिला सहकारी बैंक घट्टिया शाखा प्रबंधक सुनील माहेश्वरी, पानबिहार शाखा प्रबंधक महेन्द्र कुमार, उज्जैन मंडी शाखा प्रबंधक माणकुंवर बाई, सहकारी संस्था बिछडोद प्रबंधक प्रतापभानु सिंह, तुलाहेड़ा संस्था प्रबंधक जितेन्द्र सिंह, झीतरखेड़ी संस्था प्रबंधक आदित्य दुबे, कृषि अधिकारी कृतिका राठौर सहित समिति प्रबन्धक मौजूद थे।



**राष्ट्रीय अधिवेशन** सर सैयद अहमद वेलफेयर सोसाइटी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं भूतपूर्व प्रधानमंत्री पंडित लाल बहादुर शास्त्री का स्मरण कर उनके चित्र पर पुष्प वर्षा की

# शहीद स्मारक पर देश के महान सपूतों की याद में हुई विचार गोष्ठी

**उज्जैन। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 156वी जयंती एवं जय जवान जय किसान का नारा देने वाले देश के महान प्रधानमंत्री पंडित लाल बहादुर शास्त्री की 121वी जयंती पर सर सैयद अहमद वेलफेयर सोसाइटी द्वारा शहीद पार्क स्थित शहीद स्मारक पर महापुरुषों का स्मरण किया गया।**

संस्था अध्यक्ष पंकज जायसवाल एवं संरक्षक सैयद अबीद अली मीर ने बताया इस अवसर पर एक विचार गोष्ठी का भी आयोजन किया गया जिसमें राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं भूतपूर्व प्रधानमंत्री पंडित लाल बहादुर शास्त्री का स्मरण कर उनके चित्र पर पुष्प वर्षा की गई। डॉ. तेज कुमार मालवीय ने अपने संबोधन में कहा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने सत्य और अहिंसा का मार्ग हमें बताया। स्वतंत्रता आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी चाहते तो प्रधानमंत्री पद ले सकते थे लेकिन आप त्याग के देवता थे आपने देश की एकता और अखंडता के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया। आपका योगदान यह देश और विश्व कभी भुला नहीं पाएगा। महाकाल शयन आरती के वरिष्ठ सदस्य चेतन ठक्कर ने अपने संबोधन में कहा पंडित लाल बहादुर शास्त्री देश के महानायक थे। जब अमेरिका ने धमकी दी कि हम गेहूं रोक देंगे तो आपने जय जवान जय किसान का नारा दिया और देश को मजबूत बनाने के लिए अपने देशवासी अपील की कि हम हफ्ते में एक समय भोजन न करें आपने और आपके परिवार ने भी हफ्ते में एक समय का भोजन नहीं किया। देशवासियों ने आपका पूरा साथ दिया और अमेरिका को मुंह की खानी पड़ी। जब पाकिस्तान के राष्ट्रपति जनरल अयूब ने कहा था कि हम दिल्ली तक पैदल आ जाएंगे तो आपने कहा था आप क्यों तकलीफ करते हैं हम लाहौर तक आ जाते हैं। जनरल अयूब को मुंह की खानी पड़ी और ताशकंद समझौता हुआ। मध्य प्रदेश हज कमेटी के पूर्व सदस्य हाजी इकबाल हुसैन ने लाल बहादुर शास्त्री का स्मरण करते हुए कहा लाल बहादुर शास्त्री का पूरा जीवन सादगी में व्यतीत हुआ। आपने प्रधानमंत्री बनने के बाद भी दो जोड़ी कपड़े में ही प्रधानमंत्री होने के बावजूद भी अपने लिए अलग से कोई वस्त्र नहीं बनवाया। आपने कहा था मेरे देश की जनता जब भूखी और वस्त्र हीन है तो मैं अपने लिए कैसे वस्त्र बनवा सकता हूं। समय से भी इरफान लाइन ने अपने संबोधन में कहा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने हमें आजादी दिलाने के लिए देश में अनेक आंदोलन चलाए। आप अनेकों बार जेल गए। आपके नेतृत्व में ही हम 15 अगस्त 1947 को आजाद हुए। हम सभी भारतीयों को मिलजुल कर देश की एकता और अखंडता के लिए सतर्क होकर रहना होगा। संयोजक सैयद उस्मान हसन, अनुदीप गंगवार, शिक्षाविद सादिक मंसूरी, साबिर हुसैन शाह, आजम खान, शरीफ खान, अनवर हुसैन, धर्मेंद्र राठौर, निराला खान, जाहिद नूर एडवोकेट, शिक्षाविद कमर अली, डॉ. सउद नागोरी ने महापुरुषों के चित्र पर पुष्प वर्षा कर श्रद्धांजलि अर्पित की। संचालन इकबाल उस्मानी ने किया। आभार नासिर मंसूरी ने माना। उपरोक्त जानकारी गंगाधर महा एवं संयुक्त सचिव डॉ. शकील अंसारी ने दी।

